# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–20 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बहराइच में मिहीपुरवा तहसील के मुख्य भवन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिहीपुरवा तहसील में आज तक भवन नहीं था जबकि एक सामान्य नागरिक के लिये सबसे ज्यादा कार्य तहसील से ही पड़ता है। भूमि सम्बन्धी रिकॉर्ड हो, पैमाइस, वरासत की कार्यवाही, नामांतरण या फिर बंटवारे का कार्य, सभी मामलों के निस्तारण का केन्द्र तहसील ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसी गरीब का हक नहीं मारा जा सकता। इसके लिये सेटेलाइट के माध्यम से सरकार ऐसी व्यवस्था करेगी कि कोई गरीबों की एक इंच भूमि भी कब्जा नहीं कर पायेगा। उन्होंने बहराइच को विरासत और विकास की अद्‌भुत गाथा का नया रूप बताया–

***हमारी गौरवगाथा विरासत के साथ जुड़ती है, विरासत विकास के साथ जुड़ता है। विरासत और विकास के अद्‌भुत गाथा का ही एक नया रूप है। बहराइच का जहां मेडिकल कॉलेज भी बन गया है और साथ–साथ हमने बहराइच का बाइपास भी स्वीकृत कर दिया है। बहराइच में एक नया बाइपास भी होगा। नेपाल से कनेक्टिविटी को आसान कर दिया है और यहां पर जो कर्तनिया घाट वन्य जीव प्रभाग है, इसको टूरिज्म के दृष्टि से ईको टूरिज्म के एक नये हब के रूप में विकसित करने के लिये।***

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोण्डा में आयोजित कार्यक्रम में देवीपाटन मण्डल के चौदह सौ तेइस युवा उद्यमियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत पचपन करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत शिल्पकारों को टूल किट भी वितरित किये। साथ ही, युवा उद्यमियों की ओर से लगायी गयी स्टार्ट–अप प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के स्वावलम्बन से उत्तर प्रदेश और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है–

***नया अवसर आया उत्तर प्रदेश के लिये जब उत्तर प्रदेश को देश की नम्बर एक की अर्थव्यवस्था बना सकते हैं। पहले सत्रह के पहले सातवीं अर्थव्यवस्था होती थी आज नम्बर दो की है और तेजी के साथ जिस तेजी के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है उससे नम्बर एक की अर्थव्यवस्था बनने में देर नहीं लगने वाली है।***

**********

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गया। इस वर्ष पंजीकरण का प्रमाणीकरण आधार कार्ड से होगा और पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना होगा। कुल पंजीकरणों में से 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन होंगे जबकि 40 प्रतिशत ऑफलाइन किए जाएंगे ताकि तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी न हो। तीर्थयात्री **रजिस्ट्रेशन एण्ड टूरिस्ट केयर डॉट यूके डॉट जीओवी डॉट इन** पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

**********

गोरखपुर के बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में आज से तीन दिवसीय आध्यात्मिक फिल्म महोत्सव की शुरूआत हुयी। मुंबई की संस्था आईआईएमसी और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में धर्म और आध्यात्म पर आधारित फिल्में प्रदर्शित की जायेंगी। शुभारम्भ अवसर पर फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि धर्म और आध्यात्मिकता भारत की केन्द्र और आत्मा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर आध्यात्म और धर्म की बात आती है तो सबसे पहले नाम भारत का आता है।

**********

वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म भारत में ज्यूशर फुटबॉल–बंड, डीएफबी–पोकल सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले का सीधा प्रसारण करेगा। प्रसार भारती और डीएफबी जर्मनी के बीच इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन हुआ है। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि डीएफबी के साथ सहयोग से भारतीय दर्शकों को न केवल बडे स्तर के फुटबॉल मैच देखने को मिलेंगे बल्कि हमारे युवा फुटबॉलरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का भी मौका मिलेगा।

**********

आज विश्व गौरैया दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन गौरैया की आबादी में तेजी से हो रही कमी के बारे में जागरूकता के लिए एक प्रयास है। हर वर्ष बीस मार्च को मनाया जाने वाला यह दिन पहली बार वर्ष दो हजार दस में विश्व के विभिन्न हिस्सों में मनाया गया था। इस अवसर पर वाराणसी के गंगा तट पर नमामि गंगे संस्था ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आज गौरैया के संरक्षण का संकल्प दिलाया।

**********

पारसी नववर्ष का त्यौहार– नवरोज आज मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह विशेष दिन सभी के लिए खुशियाँ, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए।

**********

प्रदेश के कौशाम्बी और जौनपुर समेत कई जिलों में आज सुबह हल्की बूंदाबांदी और वर्षा से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। वाराणसी जिले में भी सुबह बादल छाए रहने से वहां मौसम सुहावना हो गया। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर आज और आगामी दो दिनों तक गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा इस अवधि में वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी भी दी गई है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर आज और कल वर्षा, वज्रपात और कहीं कहीं तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

**********